छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

सितम्बर-अक्टूबर 2021 ■ वर्ष-18

# संकल्प








छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

सितम्बर-अक्टूबर 2021 ■ वर्ष-18



## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद** (IAS)
अध्यक्ष



**श्री एन.के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक (जनरेशन)



**श्री राजेश वर्मा**
प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग)



**श्री हर्ष गौतम**
प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन)



**श्रीमती उज्ज्वला बघेल**
प्रबंध निदेशक (होल्डिंग)



**श्री एसडी तेलंग**
प्रबंध निदेशक, ट्रांसमिशन

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | सितम्बर 2021 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2984.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 1624.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 123 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 13345 सर्किट कि.मी. |
| 33/11 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1328 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 23322 स. कि.मी. |
| 11/04 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 195263 नग |
| 11 केव्ही लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 123168 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 209752 कि.मी. |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 39528 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक) | 73369 | 475067 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या (प्रावधिक) | 630389 | 1806312 |



**संपादक :**
**गोविन्द पटेल,** प्रबंधक (जनसंपर्क)
सह सम्पादक : **अनामिका मण्डावी** ● छाया : **संजय टेम्बे**
सहयोग : **सारिका साहू** ● फोन : 0771-2574702
E-mail : procsphcl@gmail.com

# बिजली बिल हाफ योजना के जीवंत मॉडल का अवलोकन किया मुख्यमंत्री ने

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव-2021 का आयोजन 28 से 30 अक्टूबर तक साइंस कालेज मैदान में किया गया। इसमें राज्य शासन से सभी विभागों के विकास योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।




ऊर्जा विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी का स्टाल लगाया गया है, जिसका 29 अक्टूबर को माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अवलोकन किया। उन्होंने स्टाल में रखे सभी मॉडल का निरीक्षण किया और विकास गतिविधियों की जीवंत प्रदर्शनी की सराहना की। पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने भी प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।



मुख्यमंत्री के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री श्री शिव डहरिया, आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा, श्री अमरजीत भगत, विधायक एवं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक विशेष रूप से उपस्थित थीं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम ने सभी अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के जीवंत मॉडल का मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने निरीक्षण किया। पावर कंपनी ने हाफ बिजली बिल योजना से उपभोक्ताओं को अब तक मिली छूट की जानकारी देने वाला जीवंत मॉडल प्रदर्शनी में रखा है, जिसमें उपभोक्ता अपना बीपी नंबर या मोबाइल नंबर दर्ज करके तत्काल उसे मिले छूट की राशि की जानकारी मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने एक उपभोक्ता का बीपी नंबर दर्ज करवाकर स्वयं हेडफोन से इसकी जानकारी सुनी।

उन्होंने हर आय वर्ग के उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत की छूट को लोककल्याणकारी कहा। मुख्यमंत्री ने बिजली दुर्घटना से बचाव के उपायों की प्रदर्शनी को उपभोक्ताओं की जागरूकता के लिये उपयोगी बताया। इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री श्री डहरिया और आबकारी मंत्री श्री लखमा ने भी हाफ बिजली बिल योजना में मिली छूट




की जानकारी जीवंत मॉडल के जरिये ली। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि हाफ बिजली बिल योजना में अब तक 40 लाख उपभोक्ताओं को 2066 करोड़ रुपए की छूट प्रदान की जा चुकी है।

यहां जीवंत माडल से लोग इसकी जानकारी ले रहे हैं। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने स्टाल में बिजली उत्पादन से लेकर उसके पारेषण लाइन और आम उपभोक्ताओं तक उसके वितरण व्यवस्था का भी मॉडल प्रस्तुत किया गया है। साथ ही ग्रामीण विद्युतीकरण और गोबर से बिजली बनाने की प्रक्रिया को चलित मॉडल के जरिये दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री ने मोर बिजली एप से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी वाले माडल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गोबर से बिजली बनाने के माडल की भी सराहना की।






छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चेयरमेन श्री अंकित आनंद के साथ प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एन.के. बिजौरा, राजेश वर्मा एवं हर्ष गौतम ने प्रदर्शनी में रखे सभी जीवंत मॉडल का निरीक्षण किया।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री के सचिव श्री कोमल सिद्धार्थ परदेशी, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री हेमन्त वर्मा ने भी हाफ बिजली बिल की जानकारी मिलने वाले मॉडल का अवलोकन किया। इसके अलावा विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने भी ऊर्जा विभाग के जीवंत मॉडल को देखा और उपभोक्ता हितैषी योजनाओं की जानकारी ली। इस मौके पर रायपुर शहर के मुख्य अभियंता श्री आरए पाठक, अधीक्षण अभियन्ता श्री मनोज वर्मा सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश में रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम लागू करने दी सैद्धांतिक सहमति



***मान. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 23 सितम्बर 2021 को अपने निवास कार्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से भारत सरकार के विद्युत, नवीन और नवीकरणीय उर्जा मंत्री श्री राजकुमार सिंह द्वारा ली गई बैठक में शामिल हुए।***

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह से रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम को राज्य में लागू करने के संबध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में बिहार, गुजरात, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा के उर्जा मंत्री और दमन- दीव के प्रशासक भी शामिल हुए। इस अवसर पर पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष सह उर्जा विभाग के विशेष सचिव श्री अंकित आनंद व प्रबंध निदेशक (वितरण) श्री हर्ष गौतम भी उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री श्री बघेल ने चर्चा के दौरान योजना को सैद्धांतिक सहमति देते हुए अन्य राज्यों के द्वारा बिजली सब्सिडी के भुगतान के लिए अतिरिक्त समय सीमा दिए जाने की मांग का समर्थन किया। रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना को बढ़ाने के साथ ही इनके आधुनिकीकरण और सुदृढ़िकरण की कार्रवाई की जाएगी। इस योजना में कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना के तहत डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समय सीमा 31 दिसंबर 2021 निर्धारित की गई है। इस योजना की अनुमानित लागत 9600 करोड़ रूपए है, जिसे मार्च 2025 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है।

# विद्युत संयंत्रों में कंप्यूटर नेटवर्किंग सर्विस के लिए बना एमआईएस-आईटी भवन



मड़वा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह में 15 सितंबर को छग. राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा के हाथों विद्युत गृह परिसर में एमआईएस-आईटी भवन का लोकार्पण हुआ। इसमें मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री राजाबाबू कोसरे, आलोक लकरा, रामजी सिंह, अब्दुल समद एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी उपस्थित थे।

मुख्य अभियंता ने बताया कि एमआईएस-आईटी विभाग को लंबे समय से इसकी जरूरत थी। इस भवन के बनने से विद्युत संयंत्र में कंप्यूटर नेटवर्किंग और कंप्यूटर सेवा से संबंधित सभी कार्य के लिए विभाग को सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता एमआईएस-आईटी श्री लोचन सिंह, श्री आरके नायक, कार्यपालन अभियंता श्री पीएल मधुकर एवं सहायक अभियंता श्री ऋषि वर्मा उपस्थित रहे।



# बांगो जल विद्युत गृह ने 98.29% सीयूएफ के साथ बनाया बिजली उत्पादन का रिकार्ड

**तीनों हाइडल प्लांट ने सितंबर में 84.928 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया**

***छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी को माचाडोली स्थित बांगो हाइडल पावर प्लांट ने बीते सितंबर माह में 84.928 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर अब तक का सबसे ज्यादा बिजली उत्पादन का रिकार्ड बनाया है।***

इस तरह बांगो जल विद्युत गृह का मासिक बिजली उत्पादन 98.296 फीसदी कैपिसिटी यूटीलाइजेशन फैक्टर (सीयूएफ) रहा। सितंबर माह में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ सीयूएफ है। इससे पहले कोरोना काल में भी प्लांट ने बेहतर बिजली उत्पादन का रिकार्ड बनाया था। पावर कंपनीज के चेयरमैन श्री अंकित आनंद ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि की सराहना की और हसदेव जल विद्युत गृह में सेवारत कर्मचारी-अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

प्लांट की इस उपलब्धि पर कंपनी के एमडी एन.के. बिजौरा, मुख्य अभियंता एस.के. श्रीवास, अतिरिक्त मुख्य अभियंता पंकज कोले व पी.के. पंड्या ने इसका श्रेय संयंत्र के अधिकारी व कर्मचारियों की मेहनत को दिया है। बारिश की वजह से बांगो डेम में जल भराव हो गया था। ऐसे में जल विद्युत गृह के जरिए लगातार पानी छोड़ा जा रहा था। प्लांट की सभी इकाइयों से बिजली उत्पादन हो रहा है।

इससे पहले बांगो जल विद्युत गृह ने वर्ष 2011 के सितंबर माह में 81.356 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया था। जबकि प्लांट का सीयूएफ 94.162 प्रतिशत तक था। 10 वर्ष बाद सितंबर माह के इस बिजली उत्पादन रिकार्ड को ब्रेक करते हुए बांगो प्लांट ने 84.928 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया है। बांगो जल विद्युत गृह की कुल उत्पादन क्षमता 120 मेगावाट है। यहां 40-40 मेगावाट की तीन इकाइयां हैं। बांगो बांध में बिजली कंपनी ने 1995 में जल विद्युत गृह की तीन इकाई की स्थापना की थी। स्थापना के बाद से जल विद्युत गृह का यह सबसे बेहतर प्रदर्शन है। जरनेशन कंपनी की यह सबसे बड़ी जल विद्युत इकाई है। किफायती दर पर विद्युत उत्पादन के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ जल विद्युत गृह होने का गौरव भी प्राप्त है।

# पॉवर एप से मिलेगा रियल टाइम जनरेशन का डाटा, एमडी ने किया चरण 2 का शुभारंभ



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा स्टेट सेक्टर में संचालित विद्युत उत्पादन संयंत्र के रखरखाव एवं संचालन कार्यो को बेहतर और त्वरित करने हेतु पॉवर एप चरण -2 का शुभारंभ प्रबंध निदेशक उत्पादन श्री एन के बिजौरा के कर कमलों द्वारा उनके कार्यालय में किया गया।

इस एप के माध्यम से कार्यालयीन कार्य सहित विद्युत इकाईयों की अद्यतन जानकारी जैसे ईकाईयों में उत्पादन, UI Rate, CG demand, CG availability, CG schedule इत्यादि की सूचना रीएल टाईम पर एप में स्काडा सिस्टम के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के 220 एवं 400 ग्रिड सिस्टम के महत्वपूर्ण पैरामीटरों को रीयल टाइम पर ABT मॉनिटरिंग सिस्टम से एकाग्रित कर इस एप में संग्रहित किया गया है, जिससे CSPGCL के सम्बंधित अधिकारी कर्मचारियों, मैनेजमेंट व उच्च मैनेजमेंट समयानुसार 220/400 के व्ही ग्रिड का विश्लेषण एवं समस्यों का त्वरित निदान कर सकेंगे। अल्प समय में उचित तकनीकी निर्णय ले कर यूनिट एवं ग्रिड सिस्टम की फोर्स शटडाउन से बचाया जा सकेगा। इस एप की सुविधाओं का उपयोग कर ईकाईयों की वास्तविक स्थिति, प्लांट लोड फैक्टर, दैनिक प्रगति प्रतिवेदन, महत्वपूर्ण बैठकों, समीक्षा, प्रस्तुतीकरण, आदि से त्वरित अवगत हो सकेंगे। इस एप को गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री बिजौरा ने कार्यपालक निदेशक ओ एण्ड एम (उत्पादन) श्री सी.एल. नेताम और उनकी टीम को बधाई दी। एप के निर्माण कार्य में एम आई एस-आई टी सेल में कार्यरत अधीक्षण अभियंता श्री आर अरविन्द, कार्यपालन यंत्री श्री देवेंद्र खिलवार एवं श्रीमती अमिता बारा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मुख्यमंत्री की पहल पर ताप विद्युत संयंत्रों को जारी रहेगी कोयले की सुचारू आपूर्ति



माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के ताप विद्युत संयंत्रों के लिए एसईसीएल द्वारा पर्याप्त कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। एसईसीएल के सीएमडी ने इसके लिए सहमति दी है।

मुख्यमंत्री ने 11 अक्टूबर को उच्च स्तरीय बैठक में छत्तीसगढ़ के ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की आपूर्ति एवं उपलब्धता की समीक्षा की। यहां अपने निवास कार्यालय में प्रदेश के ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा के दौरान एसईसीएल के सीएमडी से कहा कि छत्तीसगढ़ की खदानों से कोयला निकालकर छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों को कोयले की आपूर्ति की जाती है। चूंकि छत्तीसगढ़ से कोयले का उत्पादन किया जा रहा है, इसलिए एसईसीएल द्वारा प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ के ताप विद्युत संयंत्रों को उनकी आवश्यकता के अनुसार अच्छी गुणवत्ता के कोयले की सप्लाई की जानी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनियों के अध्यक्ष एवं विशेष सचिव ऊर्जा श्री अंकित आनंद, एसईसीएल के सीएमडी श्री अंबिका प्रसाद पंडा और दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के जीएम श्री आलोक कुमार सहित राज्य विद्युत कम्पनियों के प्रबंध निदेशक उपस्थित थे।



# पॉवर होल्डिंग कंपनी से सेवानिवृत्त महाप्रबंधक श्री चन्द्रा की भावभीनी विदाई





***छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पद से सेवानिवृत्त हुये श्री जी.एल. चन्द्रा को विद्युत सेवा भवन में 30 सितम्बर 21 को भावभीनी विदाई दी गई।***

विदाई समारोह में पॉवर कम्पनीज की ओर से उन्हें प्रतीकात्मक भेंट, प्रशिस्त पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एन.के. बिजौरा, राजेश वर्मा, हर्ष गौतम, श्रीमती उज्ज्वला बघेल, श्री एस.डी. तेलंग ने सेवानिवृत्त हुए महाप्रबंधक की सेवाओं को विद्युत विकास के लिए बहुमूल्य निरूपित करते हुए उनके शांत एवं सौम्य स्वभाव की प्रशंसा की।

विदाई समारोह में श्री चन्द्रा ने सेवायाला के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवायाला में मिली जिम्मेदारियों का निवर्हन कुशलतापूर्वक किया। इसका श्रेय उन्होंने टीमवर्क को देते हुए पॉवर कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया।

इसी क्रम में श्री चन्द्रा को पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा भी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित एजीएम श्री प्रद्युम्न पाण्डेय, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एस.रामाकृष्णा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमाण्डर श्री श्रीनिवास राव सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे श्री चन्द्रा का स्वागत करते हुए उनकी मिलनसारिता एवं टीमवर्क की भावना को प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती अनामिका मंडावी ने किया।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए ट्रांसमिशन कंपनी के छह अधिकारी/कर्मचारी पुरस्कृत

***छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा विद्युत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व पर पुरस्कृत किये जाने का उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है।***

इसी क्रम में इस वर्ष क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कृत होने वाले कर्मियों को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान कर विभाग प्रमुखों द्वारा सम्मानित किया गया। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मुख्यालय में समारोह का आयोजन नहीं किया गया। सभी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं पांच हजार रुपए नगद राशि से सम्मानित किया गया।



सावन कुमार यादव


कार्यपालन अभियंता (अ.उ.दा. संधारण) संभाग जगदलपुर में परिचारक श्रेणी-एक (लाईन) श्री सावन कुमार यादव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्र नेचनार एवं किसकोड़ो में डिस्क फाल्ट का निराकरण करने तथा तूफान-बारिश की विपरीत परिस्थितियों में गुरूर-बारसूर लाईन ब्रेक डाउन को दूर करने का सराहनीय कार्य किया।



राम लाल रजक

कार्यपालन अभियंता (अ.उ.दा. संधारण) संभाग जगदलपुर में लाईन सहायक श्रेणी-दो के पद पर कार्यरत श्री राम लाल रजक को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने खेदामारा उपकेन्द्र में जम्पर स्वेपिंग कार्य में धैर्य और साहस का परिचय दते हुए निर्धारित समय पर पूर्ण किया।

कार्यपालक निदेशक (उपकेन्द्र-संचा/संधा.) बिलासपुर में कार्यरत लाइन सहायक श्रेणी-दो श्री मुनीराम यादव ने 132 के.व्ही. उपकेन्द्र चाम्पा में 40 एमव्हीए ट्रांसफार्मर-1 के 33 के.व्ही. व्ही.सी.बी. पोल बस्ट हो जाने पर उपकेंद्र संचालन कुशलतापूर्वक करने एवं मैकेनिकल समस्या आने पर नये व्ही. सी.बी. लगाने का कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।



मुनीराम यादव

कार्यालय मुख्य अभियंता (उपकेन्द्र-संचा/संधा.) रायपुर के सहायक अभियंता श्री ऋषि कुमार मण्डावी को 132 केव्ही उपकेन्द्र सुकमा एवं दोरनापाल के सर्किट-कपलर बदलने एवं बारसूर-नारायणपुर सर्किट के नुमेरिकल रिले बदलने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं पांच हजार रूपये नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।



ऋषि कुमार मण्डावी

कार्यपालक निदेशक (सिविल) रायपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्री एन.के. बोरकर को 132 के.व्ही. उपकेन्द्र मेटल पार्क फेस-1 रावणभाठा रायपुर के निर्माण हेतु व्यक्तिगत रूचि लेकर भूमि आवंटित कराने के सराहनीय प्रयास के लिए पुरस्कृत किया गया।



एन.के.बोरकर

मुख्य अभियंता (उपकेंद्र-संचारण एवं संधारण) के परीक्षण पर्यवेक्षक श्रेणी. एक श्री के.के. ऐरी को पीएसडीएफ स्कीम के तहत 220 केवी सर्किट ब्रेकरों के डिस्मेंटल फाउंडेशन इरेक्शन एवं कमीशनिंग कार्य में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने 40 एमव्हीए के तीन पावर ट्रांसफार्मर में आयल लीकेज अटेंड का कार्य भी किया।

## दुर्ग : कोई भी दुर्घटना न हो यही प्राथमिकता - ईडी

दुर्ग क्षेत्र, कर्मचारियों के लिये दुर्घटना रहित कार्यशैली हेतु वर्कशॉप लगातार आयोजित कर रही है। नवागढ़ उपसंभाग कार्यालय के मैदानी अमले को कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने के विषय में जानकारी दी गई।

सुरक्षा नोडल अधिकारी अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के. मेश्राम ने मैदानी अमले को सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर,



डिस्चार्ज राड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री ए.के. गौराहा, कार्यपालन अभियंता श्री उमेश ठाकुर एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रायपुर : पॉवर कम्पनीज खेल एवं क्रीड़ा परिषद की वार्षिक बैठक





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी द्वारा प्रदेश में विद्युत विकास के साथ ही अपने अधिकारियों/कर्मचारियों की खेल एवं कलागत गतिविधियों को बढ़ावा देने अनेक कारगर कदम उठाये गये हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद की वार्षिक बैठक का आयोजन परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष-पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी श्री एस.डी. तेलंग की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर श्री तेलंग का स्वागत कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा किया गया। बैठक में श्री तेलंग ने पॉवर कम्पनीज के खेल स्पर्धाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों के साथ ही खेल जगत में पॉवर कंपनीज का गौरव बढ़ाने कर्मियों से आव्हान किया।

बैठक में पॉवर कम्पनीज में संचालित हो रहे खेलों के संबंध में प्रभारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि पॉवर कम्पनीज में क्रिकेट, हॉकी, बैण्डमिंटन, टेबिल टेनिस, व्हालीवॉल, कबड्डी, शतरंज, लॉन टेनिस जैसे आऊट डोर एवं इंडोर लगभग 14 खेलों का आयोजन प्रतिवर्ष समय-समय पर किया जाता है। खेल स्पर्धायें केन्द्रीय कार्यालय सहित क्षेत्रीय स्तर पर भी आयोजित की जाती है। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य एवं राष्ट्रस्तरीय स्पर्धाओं के लिए किया जाता है। कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुए खेल स्पर्धायें कोरोना गाईड लाईन का पालन करते हुए किया जायेगा। बैठक में केन्द्रीय क्रीड़ा परिषद के महासचिव-पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. चौहान क्रीड़ा परिषद के क्रीड़ा सचिव श्री आर.के. बंछोर एवं सचिव (कार्यालय) डॉ. हेमंत सचदेवा सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्यगण उपस्थित हुए।

## कोरबा : अन्तरक्षेत्रीय फुटबाल में बिलासपुर क्षेत्र ने किया खिताब अपने नाम

अन्तरक्षेत्रीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन डी.एस.पी.एम.ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में 21 से 24 अक्टूबर तक किया गया। प्रतियोगिता में,रायपुर सेन्ट्रल, रायपुर क्षेत्र, दुर्ग, अम्बिकापुर, बिलासपुर, जगदलपुर, मड़वां,कोरबा पश्चिम, एवं कोरबा पूर्व की नौ टीमें ने प्रतिनिधित्व किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर श्री एस.के.बंजारा कार्यपालक निदेशक डी.एस.पी.एम. ताप विद्युत गृह कोरबा के मुख्य आतिथ्य में तथा श्री शैलेन्द्र शर्मा अति मुख्य अभियंता की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि श्री बी.डी.बघेल मुख्य अभियंता कोरबा पूर्व थे।

फाइनल मैच बिलासपुर व अंबिकापुर के टीम के बीच खेला गया। निधारित समय तक बिलासपुर की टीम ने पेनाल्टी स्टोक कर 4-3 से अम्बिकापुर को पराजित कर विजेता का खिताब हासिल करने में सफल रही। प्रतियोगिता में श्री सज्जी टी. जान, मो. कलीम, सिद्धीना, अमन नागरा, दानीश, एवं अजय उपाध्याय, गलेडविन गेलियर निर्णायक रहे।

समारोह में रायपुर के वरिष्ठ खिलाडी श्री रुप कुमार टिकरिया मुख्य अभियंता (ऐश.यूटिलाईजेशन) को कोरबा पूर्व के समस्त खिलाड़ियों के द्वारा लाइफटाइम एचीव्हमेंट से सम्मानित किया गया। श्री राजेश कुमार, सेन्ट्रल आब्जर्वर थे। सभी टीमों से 25 खिलाड़ियों का ऑल इंडिया फुटबाल हेतु चयन किया गया। इस अवसर पर श्री राकेश राठौर को बेस्ट गोलकीपर, आशीष टोप्पो बेस्ट फारवर्ड, सुधाकर सिंह बेस्ट डिफेन्स, अजय टोप्पो बेस्ट मिड फिल्डर बेस्ट गोल का फेबियन गेलियर का खिताब मिला एवं कोरबा पूर्व की टीम को फेयर प्ले टीम से सम्मानित किया गया।



प्रतियोगिता का संचालन श्री आर.पी.टंडन एवं सुरेश सोनी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के संपादन में श्री पी.आर.वार्ते सचिव, श्री अजीत तिर्की कल्याण अधिकारी, श्री सुरेश क्रिस्टोफर, सरोज राठौर, सुशांत कटकवार, मनीष सुब्बा का सहयोग रहा।



## बिलासपुर : विजेताओं का किया सम्मान

बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने क्षेत्रीय मुख्यालय तिफरा में सभी विजयी खिलाड़ियों का सम्मान किया एवं उन्हे बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री एस.के.दुबे, श्री सी.एम. बाजपेयी, श्री आर.के.अग्रवाल एवं कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी उपस्थित थे।

## राजनांदगांव : बघेरा उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



सोमनी उपसंभाग के ग्राम बघेरा में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में विद्यमान 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार बघेरा उपकेन्द्र की क्षमता 5 एमव्हीए से बढ़कर 8.15 एव्हीए हो गया है। राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. गोस्वामी ने बताया कि अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम बघेरा, खैरझिटी, डुमरडीह, देवडोंगर, कलडबरी, जाराही, हरडुवा, बरबसपुर, देवादा, मुड़पार, बरगाही एवं उपरवाह आदि 12 ग्रामों के लगभग 4900 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता श्री सलिल कुमार खरे ने कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. गोस्वामी, श्री एन.के. गुरूपंचायन, श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता श्री अनिल धनकर, श्री मुकेश कुमार साहू, सुश्री श्वेता कोसरिया, कनिष्ठ अभियंता श्री तजेन्द्र कंवर, श्री आशीष कच्छवाहा और उनकी टीम को बधाई दी है।

## दुर्ग : 4601 कृषि पंप लाइन विस्तार का कार्य पूर्ण एवं 2609 पंप उर्जीकृत



दुर्ग क्षेत्र में विद्युत प्रणालियों का उन्नयन कार्य हेतु पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, अतिरिक्त नये पॉवर ट्रांसफार्मर, फीडरों को छोटा करना, नये फीडरों का निर्माण करना, नये पंप कनेक्शन, सब स्टेशन का रिनोवेशन, बस्ती एवं कृषि पंप फीडर का पृथक्करण, कैपिसिटर बैंक चार्ज करना, वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, नए पोल लगाना, झूलते तारों की ऊंचाई बढ़ाना एवं नई लाइनें खींचना जैसे अनेक कार्य शामिल हैं।

इसी तारतम्य में 30 कि.मी. लंबी मोहगांव फीडर को दो भागों में बांटकर 70 ग्रामों की लो वोल्टेज समस्या का समाधान किया गया। दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत साजा 132 के.व्ही. पॉवर उपकेंद्र से निकलने वाली लंबी दूरी एवं अत्याधिक लोड वाले मोहगांव फीडर को बांटकर दो अलग-अलग फीडर बनाया गया है। जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुगम व सहज हो। लंबी दूरी की लाइन होने के कारण फाल्ट आने पर खोजने एवं सुधार करने में समय लगता था। इसके स्थायी निदान के लिए फीडर को दो भागों में विभक्त कर मोहगांव एवं देवरबीजा फीडर बनाया गया है। इसी प्रकार दूसरे 33 के.व्ही. देवरबीजा फीडर से 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र देवरबीजा एवं खैरझीटी उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों में वोल्टेज की समस्या का समाधान कर लिया गया है।

दुर्ग क्षेत्र में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत 12 एवं सामान्य विकास योजना के अंतर्गत 03 नये अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफामर विद्युत सब स्टेशनों में लगाये गये एवं 12 पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई जिससे समुचित वोल्टेज पर उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

दुर्ग क्षेत्र में कुल 79 कृषि पंप फीडर को बस्ती फीडर से पृथक कर किसानों के हित में सराहनीय कार्य किया गया है। दुर्ग जिले में कुल 22, बालोद में 16 एवं बेमेतरा जिले में 41 पंप फीडरों को बस्ती फीडर से पृथक किया गया, जिससें उपभोक्ताओं को घर के साथ-साथ खेतों में सिंचाई के लिए समुचित वोल्टेज पर विद्युत सप्लाई मिल रही है। 4601 कृषि पंप लाइन विस्तार का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 2609 कृषि पंपों को कनेक्शन दिया जा चुका है।

आईपीडीएस योजना के तहत भी दुर्ग क्षेत्र में विभिन्न कार्य हुए हैं। 86 वितरण ट्रांसफरों की क्षमता बढ़ाई गई है। 187 नये वितरण ट्रांसफार्मर लगाए गए। 2.8 किमी 33 के.व्ही. नया लाइन खींचा गया। 15 सब स्टेशनों को रिनोवेट किया गया। 11 के.व्ही. 38.7 किमी. नया लाइन बिछाया गया। 22.2 किमी. 11 के.व्ही. तार बदला गया। झूलते तारों की उंचाई बढ़ाने के लिए 11 के.व्ही खंभों के मध्य में विभिन्न स्थानों पर 481 नये पोल लगाए गए। निम्नदाब खंभों के मध्य 1507 नये खंभे लगा कर झूलते तारों की उंचाई बढ़ाई गई। वोल्टेज एवं पॉवर फैक्टर में सुधार लाने 08 सब स्टेशनों में कैपेसिटर बैंक लगाया गया जिससे लाइनलॉस में भी कमी आएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में एक नया आयाम जोड़ते हुए कन्हार पुरी सबस्टेशन से बोरी सब स्टेशन तक नई 33 के.व्ही. लाइन खींचकर उसे 23 सितंबर 2021 को ऊर्जीकृत कर लिया गया है। जिससे बोरी सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले लगभग 25 ग्रामों की लो वोल्टेज एवं अन्य विद्युत समस्याओं का निराकरण हो गया।

# श्री मनोज खरे : कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन)

होल्डिंग कंपनी में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) का नया दायित्व संभाल रहे श्री मनोज खरे का नाम म. प्र. विद्युत मंडल के समय से अग्रणी और ज्ञानसंपन्न अभियंताओं में शुमार होता रहा है।



मूलतः चंदेलकालीन किले के लिए ख्यात अजयगढ़ (म.प्र.) के एक साहित्यिक परिवार से संबंध रखने वाले श्री मनोज खरे का जन्म 25 दिसंबर 1961 को इलाहाबाद में हुआ। स्कूली शिक्षा-दीक्षा गृह नगर अजयगढ़ में हुई। शिक्षाशास्त्री पिता स्व. श्री प्रमोद कुमार खरे और माता श्रीमती सुशीला खरे के दिए संस्कारों का जीवन पर खासा प्रभाव रहा।

शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय रीवा से 1982 में विद्युत अभियांत्रिकी में स्नातक करने के बाद 1983 से म.प्र. विद्युत मंडल में सेवा यात्रा प्रारंभ की। प्रथम पदस्थापना सागर जिले के संचारण एवं संधारण उपसंभाग गढ़ाकोटा में हुई। अविभाजित म. प्र. के काल में ओएंडएम के अलावा ग्रामीण विद्युतीकरण, ईएचटी मेंटेनेंस और टीएसजी जैसी लगभग सभी शाखाओं में मैदानी कार्य किया। प्रतिनियुक्ति के दौरान डब्ल्यूआरईबी मुंबई और जबलपुर मुख्यालय के वाणिज्य विभाग में भी कार्य का महत्वपूर्ण अनुभव लिया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल बनने के बाद मुख्यालय में भंडार एवं क्रय, ओएंडएम और वाणिज्य शाखाओं में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया। क्रय प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी स्वरूप प्रदान करने, गुणवत्तापूर्ण सामग्री की खरीद की प्रक्रिया विकसित करने और भिलाई स्थित एनएबीएल मान्यताप्राप्त केंद्रीय परीक्षण प्रयोगशाला की संकल्पना और स्थापना में मुख्य भूमिका रही। प्रयोगशाला हेतु मीटर टेस्ट बेंच के आयात के संबंध में कंपनी द्वारा 2012 में जर्मनी भेजा गया।

वाणिज्य शाखा में नियामकीय मामलों के प्रकोष्ठ का कार्यभार संभालते हुए दीर्घावधि से लंबित कई न्यायालयीन प्रकरणों को निपटाने में सफलता प्राप्त की। उसी दौरान एलएलबी की उपाधि भी अर्जित की। देश के विद्युत क्षेत्र के बारे में गहरा ज्ञान रखने वाले श्री मनोज खरे को छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनियों के लोगों में टेंडर प्रक्रिया और पॉवर सेक्टर कानूनों का जानकार माना जाता है।

हर काम को गहनता से समझना एवं पूरी प्रतिबद्धता से संपादित करना, सुधार का सदैव प्रयास करते रहना और समाज के कमजोर लोगों के हित को हमेशा ध्यान में रखना श्री मनोज खरे की कार्यशैली की पहचान है।

उन्हें 1999 में कार्यपालन अभियंता, 2010 में अधीक्षण अभियंता, 2018 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता, 2019 में मुख्य अभियंता और 2021 में कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नतियां मिलीं।

सेवा से इतर श्री मनोज खरे चित्रकला, रेखांकन, किताबें पढ़ने और सामाजिक विषयों पर लेखन कार्य करने में विशेष रुचि रखते हैं तथा सक्रिय रहते हैं। नियमित टेबिल टेनिस एवं फुरसत के समय शतरंज खेलते हैं।

# राजनांदगांव : मेंढ़ा उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर हुआ क्रियाशील

राजनांदगांव के मेंढ़ा 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया है। इसके साथ ही डोंगरगढ़ उपसंभाग के अन्तर्गत मेंढ़ा उपकेन्द्र की क्षमता बढ़कर 6.30 ए.व्ही.ए. हो गई है। इस कार्य से मेंढ़ा उपकेन्द्र की परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

डोंगरगढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री के.वी. मैथ्यू ने बताया कि मेंढ़ा उपकेन्द्र में स्थापित 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम मेंढ़ा, मुरमुंदा, पटपर, मुड़पार, पिपरिया, हरनसिंगी, नागतरई, नवागांव, पिनकापार, भरवाटोला, जामड़ी, लंबनीभाटा, जटकन्हार एवं पारागांवकला के लगभग 7500 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।



इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता श्री सलिल कुमार खरे ने कार्यपालन अभियंता श्री के.वी. मैथ्यू, श्री एन.के. गुरूपंचायन, श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता श्री सुरेश कुमार ठाकुर, श्री मुकेश कुमार साहू, श्री नुरेन्द्र कुमार साहू, सुश्री श्वेता कोसरिया, कनिष्ठ अभियंता श्री योगेश कुमार और उनकी टीम को बधाई दी है।



# मड़वा में पर्यावरण प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण

मड़वा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह में पर्यावरण प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। पर्यावरण प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया के हाथों हुआ। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आलोक लकरा, श्री रामजी सिंह एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आर.के. तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अभियंता श्री एच.एन. कोसरिया ने बताया कि विद्युत संयंत्र को प्रदत्त पर्यावरण स्वीकृति एवं संचालन सम्मति के उल्लेखित शर्तों के पालन के संबंध में पर्यावरणीय मानकों, जल, परिवेशीय वायु, चिमनी उत्सर्जन, परिसंकटमय अपशिष्ट, ध्वनि इत्यादि की निगरानी एवं परीक्षण इस पर्यावरण प्रयोगशाला के माध्यम से किया जाता है। पर्यावरण मानक के अनुसार उद्योग में स्थापित प्रदूषण नियंत्रण उपकरण की दक्षता एवं विद्युत संयंत्र की पर्यावरणीय दक्षता की जानकारी मिलती है।

उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला स्थापित होने से पर्यावरण में मौजूद प्रदूषकों का मानक स्तर जांचकर आवश्यक कदम उठाने में सहयोग मिलेगा। लोकार्पण समारोह का संयोजन सहायक प्रबंधक (पर्यावरण) श्री संजय कुमार झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री धमेंद्र कुमार बंजारे, मुख्य रसायनज्ञ श्री उत्तम चंद्रवंशी, श्री अभय मिश्रा और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोरबा पश्चिम में संकल्प उद्यान एवं ओपन जिम का उद्घाटन

ओपन जिम का उद्घाटन छ.रा. पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नी श्रीमती कल्याणी बिजौरा के करकमलों से किया गया। उन्होंने इस अवसर पर सभी को संकल्प दिलाया कि इस उद्यान एवं जिम का प्रयोग कर फीट इण्डिया के उददेश्य को चरितार्थ करेंगे। कार्यक्रम का सफल आयोजन श्रीमती रेखा श्रीवास की अध्यक्षता तथा संकल्प महिला मण्डल की कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में हुआ।




## छावनी में नवनिर्मित जोन भवन में कार्यालय प्रारंभ



दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत छावनी जोन के नवनिर्मित कार्यालय भवन का शुभारंभ 17 सितंबर 2021 को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल के करकमलों से किया गया। नये भवन को स्वच्छ रखने की अपील करते हुए श्री पटेल ने कहा कि नये एवं स्वच्छ भवन में नई उर्जा का संचार होता है और वही सकारात्मक ऊर्जा कार्यो को बेहतर बनाती है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री एस.आर. बांधे एवं श्री ए.के.गौराहा एवं भिलाई शहर संभाग पूर्व के कार्यपालन अभियंता श्री व्ही.के.डहरिया ने भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवनिर्मित भवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नवागढ़ उपसंभाग कार्यालय के लिए निर्मित नये भवन में कार्य प्रारंभ

दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत नवागढ़ उपसंभाग के नवनिर्मित कार्यालय भवन का शुभारंभ 27 अक्टूबर को कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि सभी नये भवन में नई उर्जा एवं नए उत्साह के साथ उपभोक्ताओं के हित में कार्य करे एवं विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी करें। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.गौराहा एवं कार्यपालन अभियंता श्री उमेश ठाकुर उपस्थित थे।

## जगदलपुर कल्याण केन्द्र का जीर्णोद्धार



जगदलपुर क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन परिसर स्थित पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण हो चुके कल्याण केन्द्र, भवन के जीर्णोद्धार एवं विस्तारण कार्य उपरान्त 14 सितंबर 2021 को कार्यपालक निदेशक श्री एस.के. ठाकुर द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री ठाकुर ने कल्याण केन्द्र के जीर्णोद्धार एवं विस्तारण से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में कल्याण भवन के अधिक उपयोगी एवं सुविधाजनक हो जाने का उल्लेख करते हुए जगदलपुर के विद्युत कर्मियों की एक बहुप्रतिक्षित मांग पूरी होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्री विकास कुमार गुप्ता : मुख्य अभियंता (राजस्व)

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में मुख्य अभियंता (राजस्व) के पद पर रायपुर में सेवारत श्री विकास कुमार गुप्ता का जन्म 30 जनवरी 1960 को दुर्ग में हुआ। अपनी माता श्रीमती शान्ति देवी एवं पिता स्व. श्री ललित कुमार गुप्ता से जीवन में अनवरत आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिली। आपने वर्ष 1977 में बी.एस.पी हायर सेकेण्डरी स्कूल, सेक्टर-7 भिलाई से हायर सेकण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत वर्ष 1982 में गवर्मेन्ट इंजीनियरिंग कालेज रायपुर से स्नातक किया। शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत आपने अपनी सेवा यात्रा का प्रारंभ वर्ष 1984 से मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में सहायक अभियंता (प्रशिक्षु) के पद पर अति उच्चदाब निर्माण रायपुर से किया। आगे वर्ष 1985 में आपको सहायक अभियंता के नियमित पद पर केन्द्रीय कर्मशाला भिलाई में पदस्थ किया गया। इस पद पर आप अति उच्चदाब (निर्माण), (संचारण-संधारण) वृत्त एवं दुर्ग के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी उपसंभाग में पदस्थ किये गये। अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निवर्हन करते हुये वर्ष 2002 में आपको कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई और आपकी पदस्थापना दुर्ग में हुई। सेवायात्रा में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2011 में अधीक्षण अभियंता एवं वर्ष 2019 में आपको अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। इन पदों पर आपने प्रबंध संचालक कार्यालय रायपुर के पद पर रायपुर एवं दुर्ग में अपनी सेवायें दी। आपकी कर्त्तव्यनिष्ठा का बेहतर प्रतिफल आगे वर्ष 2021 में आपको मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति के रूप में प्राप्त हुआ और आपकी पदस्थापना मुख्य अभियंता (राजस्व) के पद पर रायपुर में की गई। लगभग 37 वर्षों की सेवायात्रा के दौरान आपने विपरीत परिस्थितियों में भी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए वर्ष 1991 में झड़गा-पसान क्षेत्र में नदी में गिरे हुए टावर को पुनर्स्थापित कराने का उल्लेखनीय कार्य किया है। वर्ष 1996 में एल.टी. बिलिंग को ठेकेदार से विपरीत परिस्थिति में टेकओवर करने के लक्ष्य को समय से पूर्व करने हेतु अविभाजित मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर आपको सम्मानित भी किया गया है। किसी भी कार्य को परिणाम तक पहुंचाने में विशेष रूचि रहती है। विद्युत विकास के साथ उपभोक्ता हित में कार्यों को अंजाम देते हुए आपकी अभिरूचि खेल, अर्थ व्यवस्था एवं भारतीय इतिहास को जानने एवं समझने में भी है।



## जांजगीर : पियानो की धुन पर दी राष्ट्रगान की प्रस्तुति, अमृत खीर का हुआ वितरण



जांजगीर-अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) के आवासीय कॉलोनी परिसर स्थित सीनियर क्लब में शरद पूर्णिमा उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया के हाथों आकाश दीया छोड़ा गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री आलोक लकरा, रामजी सिंह एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी, संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शशि कोसरिया एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

शरद पूर्णिमा उत्सव में अमृत खीर का वितरण किया गया। महिलाओं एवं बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल के आयोजन हुए जिसमें मास्टर उत्कर्ष देवांगन द्वारा शरद पूर्णिमा के महत्व को विस्तार से बताया गया। मास्टर रेयान्स वैश्य ने राष्ट्र गान को पियानो पर लयबद्ध कर सबका दिल जीत लिया। बेबी पावनी पित्रोदा, जाह्नवी घृतलहरे, डॉली देवदत्त, रिमझिम धुरंधर, पूर्वी खुंटे, रूपांसी देवांगन एवं मास्टर गर्षित पित्रोदा द्वारा एक एकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जबकि सेजल साहू एवं रिद्धिमा देवदत्त, दर्शना सिंह व तन्वी सिंह द्वारा युगल नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बेबी तनिष्का वैश्य, श्रीमती सुमन ठाकुर, श्री सोमेश साहू, श्री सतीश यदु व श्री बृजेश अग्रवाल द्वारा गायन की प्रस्तुति दी गई।आकृति महिला मंडल की पदाधिकारियों एवं सदस्याओं द्वारा दीप प्रज्जवलित कर गरबा नृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी गई। मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यपालन अभियंता श्री आरपी कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री एके सिन्हा व श्री एसएस टेकाम और कॉलोनी की महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कोरबा : एचटीपीएस में शरद पूर्णिमा पर स्वरांजलि की प्रस्तुति




सीनियर क्लब हसदेव ताॅप विद्युत गृह कोरबा (पश्चिम) में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। स्वरांजलि परिवार द्वारा प्रस्तुत सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी गई। संकल्प महिला मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम कार्यपालक निदेशक श्री आर. के. श्रीवास, श्री डी समद्दार, अधिकारी-कर्मचारी एवं संकल्प महिला मण्डल के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## मड़वा : स्तुति महिला मंडल ने गांधी जयंती पर की साफ-सफाई और लगाए पौधे



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा की स्तुति महिला मंडल (जूनियर क्लब) के सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर आवासीय परिसर में श्रमदान कर सड़कों एवं उद्यान की साफ-सफाई की। इसके साथ ही महिला मंडल ने पौधरोपण कर धरा को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा सिंह एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ चांपा की सहसंयोजक श्रीमती संगीता पांडेय उपस्थित रहीं। इस अभियान में श्रीमती शुभ्रा सिरसांत, श्रीमती रितु रेड्डी, श्रीमती अभिता बिजू, श्रीमती स्वाति मारचट्टीवार, श्रीमती काजल शर्मा, श्रीमती लीना ठाकुर, श्रीमती मीरा सिंह, श्रीमती बुधवारा एवं श्रीमती रामबाई सहित कॉलोनी की अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

## कोरबा (पश्चिम) : संकल्प महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज



संकल्प महिला मंडल कोरबा (पश्चिम) में हरियाली तीज का कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्रीमती कल्याणी बिजौरा के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती रेखा श्रीवास की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संकल्प मंडल की पदाधिकारियों श्रीमती वंदना कोले, श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका पाटले, श्रीमती निहारिका शर्मा, श्रीमती उमा अग्रवाल, श्रीमती डोंगरे, अतिरिक्त सचिव कविता पंड्या सह सचिव श्रीमती रोमी कपिलेश, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रवीणा बापट, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती सोमा कुंडू कृष्णा साहू खेल सचिव श्रीमती स्मिता करकरे एवं श्रीमती अपर्णा भट्ट ने देश की महिला सैनिकों को याद करते हुए देशभक्ति से ओतप्रोत गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का विषय 'वसुधैव कुटुंबकम' था। इस वर्ष सावन क्वीन श्रीमती सुलेखा श्रीवास्तव, श्रीमती गायत्री शर्मा फर्स्ट रनर अप (उपाधि रानी पद्मावती) एवं श्रीमती नम्रता शर्मा सेकंड रनर अप (उपाधि रानी गायत्री देवी) रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिरिक्त सचिव श्रीमती कविता पंड्या द्वारा की गई एवं कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव सोमा कुंडू एवं श्रीमती कृष्णा साहू द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया।

## कोरबा : एचटीपीएस दर्री में पारंपरिक ढंग से मनाया गया करमा महोत्सव



सर्व समाज करमा महोत्सव का आयोजन एसटीपीएस कॉलोनी दर्री कोरबा में 17 सितंबर 21को भाद्र मास शुक्ल पक्ष एकादशी को पूरे आदिवासी समाज के रीती रिवाज के अनुसार कलमी डार एवं धान के पौधे की पूजा अर्चना के साथ करमा महोत्सव प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आर के श्रीवास (कार्यपालक निदेशक) उपस्थित थे।

पूजा उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नेहा महंत, काजल कर्ष, नमिता केवट, अंजली साहू, संतन महंत एवं तेजवन महंत ने अपने करमा नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजा स्थल के चारों ओर चक्कर लगाते हुए सभी लोग पारंपरिक करमा नृत्य की धुन पर थिरक रहे थे। कार्यक्रम रातभर चला। कार्यक्रम का आयोजन सर्व समाज के द्वारा किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य सभी समाज के लोगों के बीच आपसी प्रेम और विश्वास तथा भाई चारा स्थापित करना है। कार्यक्रम का संचालनअनिल गुप्ता ने किया। आभार प्रदर्शन आयोजन समिति के अध्यक्ष अरूण दास वैष्णव गुरूजी ने किया। करमा महोत्सव को देखने के लिए नागपुर से आदिवासी समाज के शोधकर्ता भी शामिल हुए।

# **मड़वा :** आकृति महिला मंडल ने वेडिंग थीम पर मनाई हरियाली तीज




अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह की आकृति महिला मंडल (सीनियर क्लब) ने हरियाली तीज महोत्सव वेडिंग थीम पर मनाया। चांपा स्थित एक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कल्याणी बिजौरा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष शशि कोसरिया ने की। विशिष्ट अतिथि संकल्प महिला मंडल कोरबा पश्चिम की अध्यक्ष रेखा श्रीवास, प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व की अध्यक्ष निवेदिता बंजारा, सोनिया बघेल एवं कल्पना गुप्ता की उपस्थिति रही।

आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष शशि कोसरिया एवं पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि कल्याणी बिजौरा का बाजे-गाजे के साथ पगड़ी पहना कर आत्मीय स्वागत किया गया। हरियाली तीज महोत्सव का शुभारंभ भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। हरियाली तीज महोत्सव वेडिंग थीम पर थी इसलिए आकृति महिला मंडल द्वारा बारात स्वागत से लेकर विदाई बेला की प्रतीकात्मक एवं सुंदर प्रस्तुति दी गई। दूल्हा-दुल्हन के रूप में सुनीता जांगड़े और दिव्या पित्रोदा की प्रस्तुति शानदार रही, जिसकी श्रीमती बिजौरा ने भरपूर सराहना की।

इस तीज महोत्सव में एकल नृत्य एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई। साथ ही हरियाली क्वीन का खिताब अर्चना लकरा, ब्यूटी क्वीन अनामिका मिश्रा और ग्लोबल क्वीन का खिताब प्रियंका गढ़पाले ने जीता। तीनों ही विजेताओं को मुख्य अतिथि कल्याणी बिजौरा ने क्रॉउन पहनाते हुए उन्हें उपहार एवं पुष्पगुच्छ भी भेंट किए। हरियाली तीज महोत्सव में आकृति महिला मंडल की उपाध्यक्ष सुनीता जांगड़े, अर्निका लकरा, नीना तिवारी, कमला सिंह व फिरोजा समद की अगुवाई के साथ सचिव शर्मिष्ठा सिन्हा, सहसचिव प्रीति बंजारे, कोषाध्यक्ष शैला जार्ज, सांस्कृतिक सचिव गोल्डी नेताम और क्रीड़ा सचिव श्वेता परप्यानी एवं महिला मंडल के सदस्याओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रायपुर संभाग पश्चिम कार्यालय में करुभात, ठेठरी-खुरमी के साथ तीज मिलन का आयोजन

छत्तीसगढ़ स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता नगर संभाग पश्चिम डंगनिया कार्यालय में महिला कर्मियों द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला कर्मियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्व तीजा पोला का इंतजार हर बेटी, बहन-माँ समेत सभी महिलाएं बड़ी बेसब्री से करती हैं। इस पर्व में अपने लिए मनपसंद जीवनसाथी एवं उनकी लंबी उम्र के लिए उपवास रखकर ईश्वर से प्रार्थना करती हैं।

उन्होंने कहा कि एक साथ कार्यालय में कार्य करते हुए यह भी हमारा एक परिवार है और हम सभी एक दूसरे से रिश्ते में बंध जाते हैं। इसी क्रम में हम सबने तीजा पूर्व करुभात, ठेठरी-खुरमी व भांति-भांति के पकवान खाकर व एक दूसरे को सुहाग सामग्री व सुंदर भेंट देकर तीजा पूर्व तीज मिलन किया।



कार्यक्रम में भारती किरण शर्मा, पूर्णिमा दुबे, पुष्पा ठाकुर, प्रभा मंथा, सरिता त्रिपाठी, मीना रावले, मधु मालू, मीनाक्षी वर्मा, किरण शर्मा, श्रद्धा तिवारी, सिंधु प्रियंका एकता तिवारी, संगीता एकता कोठारी, कुलेश्वरी ज्योति उमा तथा अन्य महिला कर्मियों की भागीदारी रही।

# रायपुर : वित्त कार्यालय से सहायक प्रबंधक सतेन्द्रनाथ पाण्डेय हुए सेवानिवृत्त



कार्यालय महा प्रबंधक वित्त डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर में सहायक प्रबंधक वि/ले के पद पर कार्यरत श्री सतेन्द्रनाथ पाण्डे 30 अक्टूबर को 40 वर्ष 1 माह की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गये। वित्त कार्यालय में एक सादे समारोह में श्री सतेन्द्रनाथ पाण्डे को विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री संदीप मोदी, श्री आलोक सिंह, महाप्रबंधक श्री वाय बीजैन, अति.महा प्रबंधक श्री नवीन ठाकुर, श्री अरविंद चन्द्राकर, श्री जीके राठी, श्री एसके शर्मा, श्री गोपाल मूर्ति, श्री सौमित्र दुबे, उप महाप्रबंधक श्री राजकुमार राठौर, श्री एस के चैत्रे, श्री वाय कोसरिया, श्री के मनोज, सहायक प्रबंधक श्री पी के सोनी, श्री महेन्द्र तिवारी आदि समारोह में उपस्थित थे। श्री सतेन्द्रपाण्डे को श्री संदीप मोदी ने पुष्पाहार, श्री वाय बीजैन ने प्रमाणपत्र एवं घड़ी तथा श्री आलोक सिंह ने शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। श्री सतेन्द्र पाण्डे ने अपने उद्बोधन में 40 वर्ष की सेवा यात्रा के स्मरणों के साथ अपने गौरवशाली कार्यकाल को याद करते हुए जाने अनजाने में हुई भूल के लिए क्षमा प्रार्थना की। कार्यक्रम का संचालन श्री अरुण देवांगन सहायक प्रबंधक एवं संहयोग श्री डी के अग्रवाल ने किया।

# कोरबा (पश्चिम) में 5 कर्मियों की विदाई



हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा (पश्चिम) में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विदाई दी गई। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा (पश्चिम) के कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. श्रीवास ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों जिसमें सर्वश्री देवब्रत समद्दार, अधीक्षण अभियंता, तीरथ राम खंडेलवाल, भागीरथी फुलर, दोनों कनिष्ठ पर्यवेक्षक, राम सिंह राठौर एवं हिरदे लाल राठौर, दोनों संयंत्र सहायक श्रेणी-एक को प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।

# मड़वा से सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण अभियंता को दी गई भावभीनी विदाई



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस ) मड़वा से सितंबर माह में अधीक्षण अभियंता (सिविल) श्री केवीआर गिरीश सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए उन्हें उनके वृत्त कार्यालय में ही स्मृति चिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने श्री केवीआर गिरीश को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी। अधीक्षण अभियंता (सिविल) श्री केवीआर गिरीश ने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 39 वर्ष की महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं। श्री गिरीश विद्युत मंडल में 27 जुलाई 1981 में डिप्लोमा ट्रेनी के पद पर सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी (मप्र.) में नियुक्त हुए थे। पॉवर कंपनीज में कनिष्ठ अभियंता एवं सहायक अभियंता के पद पर उन्होंने रायपुर में सेवाएं दी हैं। मड़वा प्रोजेक्ट में वे सिविल भूअर्जन संभाग का दायित्व संभालते रहे हैं। पॉवर कंपनी द्वारा अप्रैल 2021 में उन्हें अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई।

# बिलासपुर क्षेत्र के अनुभाग अधिकारी राय समेत 03 कर्मियों की भावभीनी विदाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के माह सितम्बर मे सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। जिनमें सर्वश्री रबिन्द्र नाथ राय अनुभाग अधिकारी, गुरबीर सिंह ढींगरा अनुभाग अधिकारी, शिव कुमार यादव परि. श्रेणी एक शामिल थे। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने सेवानिवृत्तजनों को विद्युत कंपनी की ओर से प्रदत्त प्रशस्ति पत्र, घड़ी, शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की। विदाई समारोह में अति. मुख्य अभियंता श्री एस.के.वर्मा अधीक्षण यंत्री सी.एम.बाजपेयी, आर.के.अग्रवाल कार्यपालन अभियंता आर.के. कश्यप, डी.के.विश्वकर्मा, पंकज चौधरी एवं बडी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मड़वा : जेनेरेटिंग ट्रांसफार्मर बहुमूल्य संसाधन है, रखरखाव का ज्ञान होना आवश्यकः कोसरिया




अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) में 27 सितंबर से 01 अक्टूबर तक पांच दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा के नॉलेज शेयरिंग एवं अपग्रेडेशन के लिए प्रशिक्षणों के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं।

इस प्रशिक्षण सत्र में मुख्यालय रायपुर, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम, बांगों जलविद्युत संयंत्र माचाडोली, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पूर्व के अभियंता एवं रसायनज्ञों ने भी हिस्सा लिया। ट्रांसफार्मर के तकनीकी विशेषज्ञ अशोक कुमार यादव ने अभियंताओं को प्रशिक्षित किया। इसमें उन्होंने बताया कि जेनेरेटिंग ट्रांसफार्मर के नवीनतम व उच्चस्तरीय तकनीकी ज्ञान मिलने से इसके उचित रखरखाव में मदद मिलेगी और अवांछित हानि से बचा जा सकेगा।

मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे पॉवर कंपनी के इंजीनियर निश्चित ही तकनीकी रूप से अपने आपको और ज्यादा सक्षम बना पाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ट्रांसफार्मर के तकनीकी विशेषज्ञ अशोक कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, आलोक लकरा, रामजी सिंह और अब्दुल समद की उपस्थिति रही।

गौरतलब है कि विद्युत संयंत्रों में जेनेरेटिंग ट्रांसफार्मर अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुमूल्य इकाई है। इसके बिना विद्युत उत्पादन संभव नहीं है। अपनी जटिलता एवं अधिक कीमत के कारण सामान्यतः यह खुले बाजार में उपलब्ध नहीं है। करीब 25 करोड़ की लागत की जेनेरेटिंग ट्रांसफार्मर केवल आर्डर पर कपनियां बनाती हैं। इसे बनने में ही करीब डेढ़ साल का समय लगता है। विद्युत संयंत्रों में यदि यह कभी खराब होती है तो आर्थिक नुकसान होने के साथ विद्युत उत्पादन की हानि होती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रांसफार्मर जैसे महंगे संसाधन को व्यवस्थित रूप में रखने लिए तकनीकी दिशा-निर्देशों का डाक्यूमेंटेशन किया गया। ट्रांसफार्मर के उचित रखरखाव के लिए डीजीए एक अंत्यंत महत्वपूर्ण विधि है, जिस पर विस्तार से चर्चा हुई एवं इसका प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में देवेश दुबे, वीके पांडेय, जीपी राय, आर. अरविंद ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी एवं अधीक्षण अभियंता आरके नायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना पांडे ने किया।

## दुर्ग : अधिकारियों ने मैदानी अमलों को सिखाये सुरक्षित ढंग से कार्य करने के तरीके

दुर्ग क्षेत्र द्वारा कर्मचारियों के लिये दुर्घटना रहित कार्यशैली हेतु वर्कशॉप लगातार आयोजित किया जा रहा है। कुम्हारी उपसंभाग कार्यालय के मैदानी अमलों को कार्यपालक निदेशक श्री पटेल द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने के विषय में जानकारी दी गयी। श्री पटेल ने कहा कि ज्यादातर हादसे कर्मियों की छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा सुरक्षा का मूलमंत्र है, कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें। सुरक्षा नोडल अधिकारी अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम ने मैदानी अमलों को सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज राड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये।

आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण आरक्षित रखकर हालात के हिसाब से संबंधित क्षेत्र में तत्काल पहुँचकर विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अपने मोबाइल फोन से गूगल प्ले स्टोर पर इस ऐप को डाऊनलोड कर उपभोक्तागण घर बैठे ही विद्युत संबंधी कार्यों का निपटारा कर सकते हैं। इस दौरान कार्यपालन अभियंता श्री धर्मेंद्र भारती, श्री व्ही. के. डहरिया, एवं श्री अजीत बिजौरा, सहायक अभियंता श्री आशीष बैनर्जी एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ईडी ने संभागीय कार्यालय पहुंचकर की विद्युत विकास कार्यों की समीक्षा

दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने शहर संभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर संभाग में विद्युत विकास एवं विभागीय कार्यों की प्रगति पर विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की।

## गुढ़ियारी में 25 दिवसीय प्रशिक्षण : दक्षता और कार्यक्षमता बढ़ती है प्रशिक्षण से



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यालय सहायकों के लिए प्रथम बेच हेतु 30 कार्य दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुढ़ियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 13 सितम्बर से 25 अक्टूबर तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री सीताराम साहू ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि कार्यालय सहायकों का कार्यालय में आवश्यक दैनंदिनी कार्य सम्पादित करने एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान रहता हैं। जिस तरह पॉवर कंपनी परिवार विद्युत ऊर्जा के संरक्षण हेतु सजग रहता है उसी प्रकार हमें अपनी आन्तरिक ऊर्जा पर भी ध्यान देना चाहिए। व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बहुत जरूरी है ताकि हम अपनी कार्यक्षमता एवं दक्षता को निर्बाध रूप से प्रकट कर सकें। जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए मन का एकाग्र होना जरूरी है। दैनंदिनी कार्यों में अनुशासन के साथ ही साथ आनापान, ध्यान एवं विपश्यना मनुष्य के सुखी व संतुलित जीवन हेतु आवश्यक है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को मेल-मर्ज, कम्युनिकेशन स्किल, निविदा सूचना, रेवेन्यू, बिलिंग, सुरक्षा निधि, डेलीगेशन ऑफ पॉवर, एस ए पी प्रोग्राम एवं फील्ड की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक समूह में सहायक अभियंता सर्वश्री ए.के. शर्मा, ए.पी.सोनी, सीनियर लाइब्रेरी आफिसर श्री रूबेन्द्र बारा, एकाउंट आफीसर श्री अरूण देवांगन, श्रीमती चांदनी दुबे, सहायक अभियंता सर्वश्री प्रतीक मिश्रा, योगेन्द्र साव, तृप्ति भालेकर, मनोज ताम्रकार, प्रोग्रामर श्री सुमीत बेक, शफीना निगार, कुमुद स्वर्णकार द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्रीमती मधुलिका मिंज, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एल.आर.देवांगन, एस.पी.सोनी एवं एस.आर. साण्डे सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी शामिल थे। कार्यकम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री संदीप कुमार अग्रवाल, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो द्वारा किया गया।

## खैरागढ़ : लाइनकर्मियों के लिए सुरक्षा उपायों को लेकर एक दिवसीय सुरक्षा सेमीनार



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा सुरक्षा उपायों को लेकर खैरागढ़ संभाग में एक दिवसीय सुरक्षा सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें लाइनकर्मियों को सतत् विद्युत व्यवस्था के मद्देनजर अपने-अपने फील्ड में सुरक्षित ढंग से कार्य करने के टिप्स दिए गए। अधिकारियों ने सेमीनार में बताया कि लाइन में कार्य करते समय कर्मियों को हमेशा अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। थोड़ी सी चूक या लापरवाही खतरनाक हो सकती है। कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अवश्य करें। कंपनी के लिए आपकी सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए स्वयं तथा अपने साथी कर्मचारियों की सुरक्षा आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये। इस कार्यशाला में अधिकारियों ने कहा सुरक्षा का मूलमंत्र है, कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें। विद्युत लाइनों पर कार्य करने के पूर्व विधिवत परमिट लेकर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते हुए एबी स्वीच को ओपन कर लाइन को डिस्चार्ज कर लेवें, और यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि किसी अन्य उपकेन्द्र से इस लाईन पर विद्युत प्रदाय तो नहीं किया जा रहा है यदि ऐसा है तो उसे दूसरे छोर से भी नो बैकफीड परमिट अवश्य ले तथा लाइन को बंद करावें।

मोबाइल के माध्यम से कदापि परमिट ना लें। समस्त तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। विद्युत कनेक्शन में सही अर्थिंग बहुत महत्वपूर्ण है, ये बात सभी उपभोक्ताओं को बताएं और स्वयं भी इसकी जांच करें। सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करें और खराब होने पर तत्काल बदलें।

अधिकारियों ने सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, टेस्टर, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों इसका प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा भी अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता श्री छगन वर्मा, सहायक अभियंता श्री संदीप सोनी, सुश्री किरण जांगड़े एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुर्ग : हिन्दी दिवस का आयोजन, भाषण एवं कविताओं से बताई हिन्दी भाषा की महत्ता



दुर्ग क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय के सभाकक्ष में 14 सितंबर 2021 को हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए श्री पटेल ने कहा कि हिंदी भाषा समुद्र की तरह व्यापक है, जिस पर सभी भाषा रुपी नदियां आकर मिलती हैं। हिन्दी विश्व की सबसे समृद्ध भाषाओं में से एक है। हिन्दी भावों को अभिव्यक्त करने का अच्छा माध्यम है, क्योंकि हिन्दी हमारे देश में सबसे ज्यादा बोली एवं समझी जाने वाली भाषा है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी को राष्ट्रभाषा हिन्दी को समृद्ध बनाने में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता (ट्रांसमिशन) श्री पी.पी.सिंग एवं अधीक्षण अभियंता (वृत्त) दुर्ग श्री ए.के.गौराहा ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्रीमती पद्मषा मिश्रा ने कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता प्रस्तुत की। कार्यपालन अभियंता श्रीमती सनीली चौहान ने भी कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर एवं आभार प्रदर्शन निज सहायक श्री बी.एस. राजपूत द्वारा किया गया।

## जगदलपुर : हिन्दी दिवस समारोह




14 सितम्बर 2021 हिन्दी दिवस के अवसर पर जगदलपुर कल्याण केन्द्र में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री एस.के. ठाकुर ने हिन्दी के महत्व उसके प्रचार-प्रसार एवं जीवन में उपयोगिता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में अधीक्षण अभियंतागण श्री एस.के. कंवर, श्री ए.के. गुप्ता, श्री सी.एच. मरकाम एवं श्री व्ही.जी. एक्का सहित कार्यपालन अभियंतागण श्री पी.एन. सिंह, श्री पी.के. शुक्ला, श्री अमर भगत, श्री एस.के. कीन्डो, श्री आर.के. चौहान, श्री आर.के. सोनी, श्री डी.एस. कतलाम एवं प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती सुलभा चौधरी सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

## बिलासपुर : सुरक्षा जोन बनाकर करें लाईन मेंटेनेंस का कार्य - चौधरी

बिलासपुर क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए सुरक्षा संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुये संचा./संधा. संभाग बिलासपुर के कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी ने बताया कि कार्य के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा साधनों का उपयोग एवं सुरक्षा जोन बनाकर कार्य करना चाहिए। दुर्घटना को रोकने के लिए कार्य करते समय मनोवैज्ञानिक दबाव से दूर रहने की भी सलाह दी।



इस अवसर पर सहायक यंत्री श्री मनीष कुमार ठाकुर कनिष्ठ यंत्री श्री अब्दुल अजीम, श्री संजय तिवारी एवं तिफरा जोन के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मड़वा : बिजली सेवा की भावनाएं व्यक्त की रचनाओं से



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह में 16 सितंबर को नारा प्रतियोगिता के प्रतिभागी 23 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया एवं विशिष्ट अतिथियों के हाथों प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पावर कंपनीज स्तर पर हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा वर्ग में नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री आलोक लकरा, रामजी सिंह, अब्दुल समद एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपनी रचनाएं पढ़ीं। कोरोना काल में बिजली सेवा से जुड़ी भावनाएं रचनाओं के माध्यम से व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का संयोजन प्रकाशन अधिकारी श्री बसंत शाहजीत एवं संचालन कल्याण अधिकारी श्री आरएस टेकाम द्वारा किया गया।

## बिलासपुर : बाल प्रतिभाओं का सार्थक संस्था ने किया सम्मान



बाल विकास के लिए समर्पित संस्था सार्थक द्वारा बच्चों के प्रतिभा को उभारने के लिए समय-समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (बिलासपुर क्षेत्र) श्री भीम सिंह कंवर एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कार्यपालन यंत्री श्री अमर चौधरी, संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष श्री वी.के.दीक्षित व संस्था के संयोजक श्री संतोष महतो एवं अध्यक्षता श्री अनिल व्यास ने की। चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र तथा कोविड के दौर में नवाचारी शिक्षा देने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारी, प्रतिभागी बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

## दुर्ग : पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षारोपण



दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत33/11 के.व्ही.उपकेंद्र पुलगांव में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल सहित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान गुलमोहर, करंज, अशोक, आम व नीम प्रजातियों के लगभग 60 नग पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री एस.आर.बांधे, श्री ए.के.गौराहा एवं श्री तरुण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री आर.एन.वर्मा, श्री आर.के.चन्द्राकर, श्री आर.के.श्रीवास्तव, श्री ए.के.चेल्ला, श्री वी.के. डहरिया, श्रीडी.के.भारती, श्री सतीश वर्मा एवं श्री ए.के.बिजौरा तथा नगर संभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी व्यक्ति को सजग होना चाहिए और वर्तमान स्थिति को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रकृति को हरा-भरा रखने में अपना योगदान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के पश्चात इनकी सुरक्षा और संवर्धन भी हमारी जिम्मेदारी है, तभी हम सहीं मायने में पर्यावरण संरक्षण में सार्थक योगदान दे पाएंगे। कार्यक्रम में कोविड के दौरान बिछड़े साथी स्व. इंजीनियर विकास डे की स्मृति में भी पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक अभियंता श्री पी.के. पलसोकर द्वारा किया गया।

## कोरबा : भारत रत्न विश्वेश्वरैया के जीवन से सदैव मिलती है प्रेरणा




रविन्द्र सांस्कृतिक भवन, कोरबा पश्चिम में अभियंता दिवस मनाया गया। इस अवसर में जनरेशन कंपनी के प्रबंध-निदेशक श्री एन. के. बिजौरा, मुख्य अतिथि एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध-निदेशक श्री संजय तेलंग, विशिष्ट अतिथि थे। के.टी.पी.एस. कोरबा पूर्व, डी.एस. पी.एम. कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा एवं मुख्यालय रायपुर से आये अभियंता संघ के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में पूर्ण उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर अभियंत संघ के अध्यक्ष श्री राजेश पांडेय भी उपस्थित थे। अभियंताओं को संबोधित कर पॉवर कम्पनी के अभी तक की उपलब्धियाँ एवं आने वाले समय की चुनौतियों का उल्लेख कर भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी के जीवन से प्रेरणा लेकर कंपनी के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए प्रयत्नशील रहने का आव्हान किया।

## दुर्ग : डॉ. एम. विश्वेश्वरैया को स्मरण कर विभाग के इंजीनियरों ने अर्पित किया श्रद्धासुमन



दुर्ग क्षेत्र में पदस्थ अभियंताओं द्वारा महान अभियंता भारत रत्न डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस 15 सितंबर 2021 को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

सभी अभियंताओं ने उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने कहा कि वैज्ञानिक और निर्माता के रूप में देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले भारतरत्न डॉ. एम. विश्वेश्वरैया को भारत ही नहीं वरन् विश्व के महान प्रतिभाओं में गिना जाता है। कार्यपालक निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री पी.सी.पारधी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया द्वारा किये गये अनेक उत्कृष्ट कार्य हैं, जिनकी सूची काफी लंबी है।

कार्यक्रम में दुर्ग रीजन में पदस्थ 12 सहायक अभियंताओ एवं कनिष्ठ अभियंताओं को उनके बेहतर कार्य हेतु उत्कृष्ठ अभियंता सम्मान से नवाजा गया। इसमें श्री एस.के.बड़गैया, श्री धर्मेन्द्र देवांगन, श्री राहुल सिंह, श्री अभिषेक राठी, श्री दीक्षांत चुरेन्द्र, श्री आनंद सिंह करायत, श्रीमती प्रतिमा दीवान, श्रीमती श्वेता वर्मा, श्री शिव प्रसाद मंडावी, श्री हेमंत बारगे, श्री सिद्धार्थ भवसार एवं श्रीमती थालेश्वरी सोनवानी शामिल हैं। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री एस.आर. बांधे, श्री ए.के.गौराहा, श्री तरुण ठाकुर,श्री मनोज राय, श्री पी.पी.सिंह एवं श्री सुनील भूआर्य, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेन्द्र हरमुख एवं श्रीमती श्रद्धा दिल्लीवार द्वारा किया गया।

## बिलासपुर : भारत के पुनर्निमाण में विश्वेश्वरैया का अहम योगदान




क्षेत्रीय इकाई बिलासपुर द्वारा 15 सितम्बर को अभियंता दिवस का आयोजन में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक इंजी. श्री भीम सिंह कंवर तथा ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक इंजी. श्री आई.एल. देवांगन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अति.मुख्य. अभियंता इंजी. श्री संदीप कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कंवर ने भारत रत्न डॉ. विश्वेश्वरैया के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये बताया कि उन्होंने एक इंजीनियर के रूप में भारत के पुनर्निमण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसका अनुसरण करके कोई भी व्यक्ति सफलता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर पॉवर कंपनी के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, एवं श्री बी.बी जायसवाल, राजकुमार चौहान, रजनी मिंज, कैलाश देवांगन, गिरीश श्रीवास्तव अभियंतागण उपस्थित थे।

# कोरबा : नवरात्रि पर रास गरबा में थिरके श्रद्धालु



संकल्प महिला मंडल एच.टी.पी.एस.कोरबा पश्चिम ने शुभ नवरात्रि के अवसर पर रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम षष्ठी, सप्तमी व अष्टमी के दिन हर्षोल्लास और कोरोना की निर्देशिका के अनुसार मनाया गया। कार्यपालन निदेशक श्री आर.के.श्रीवास एवं श्रीमती रेखा श्रीवास ने इस तरह के आयोजन की सराहना की। सभी सदस्यों ने रोज रास-गरबा व डांडिया की ड्रेस पहनकर,अलग-अलग स्टेप करके, गरबा का लुत्फ उठाया।

# मड़वा कॉलोनी में मनाया गया दशहरा उत्सव



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) के आवासीय परिसर में दशहरा उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अभियंता श्री एच.एन. कोसरिया ने बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व दशहरे की सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कॉलोनी के भीतर प्रथम दशहरा उत्सव के लिए किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री तेजराम सिरमौर के कुशल समन्वय में दशहरा उत्सव का आयोजन हुआ। दशहरा उत्सव के आयोजन में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजाबाबू कोसरे, श्री आलोक लकरा, श्री अब्दुल समद, अधीक्षण अभियंता श्री संजय तिवारी, श्री आरजी देवांगन, श्री आरके नायक, श्री विवेक त्रिपाठी, श्री चिंतामणी तिवारी, श्री नीतेश देवांगन, श्री मुकेश शर्मा और श्री राजीव शुकटेल समेत ब्लॉक ई-14 के रहवासियों का अहम योगदान रहा।

# हमारे गौरव



### कु. महविश कुरैशी

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता (संचा-संधा) कार्यालय रायपुर में पदस्थ श्री जाकिर हुसैन कुरैशी, स्टेनोग्राफर ग्रेड-1 की सुपुत्री कु. महविश कुरैशी ने वर्ष 2020-2021 में बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 03 से 08 अक्टूबर 2021 तक अंडर-14 वर्ग में हॉकी स्पर्धा में रायपुर संभाग की ओर से अपनी भागीदारी देकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। कु. महविश रॉयन इन्टरनेशनल स्कूल की होनहार छात्रा है।

## हम अपनों के ही उजाले हैं

मन के जितने अंधियारे हैं, हमने ही उनको पाले हैं,
राग, भोग, आलस्य प्रमाद ये सब प्रगति के ताले हैं,
बुझते दीप नहीं देते हैं, गौरव किसी दीवाली को,
सत्संकल्पों की बाती में, सद्कर्मों के लौ से रौशन
भान रहे प्रतिपल हमको, ये ही जीवन के उजाले हैं,

लोभ मोह से मन का बोझ, बहुगुणित हो जाता है,
इस दीवाली हो इनकी सफाई, थोड़े जो ये जाले हैं,
दया धर्म और शील सदा, पोषित करते हैं सांसों को,
व्यक्तित्व सुपोषित हो इस दिवाली, कई दिवाली टाले हैं,
बहुत बधाई त्योहारों पर, खूब तरक्की की आशाएं,
अपनों को खुशियां बाटें हम, हम अपनों के ही उजाले हैं,




**संदीप कुमार अग्रवाल**
कार्यालय सहायक श्रेणी-दो
कार्यालय-उपमहाप्रबंधक (विधि)
छ0स्टे0पॉ0हो0कं0लि0, रायपुर

# बस्तर में सैलानियों का रोमांच, हांदावाड़ा जलप्रपात



प्रकृति की सुंदर सौगातों को समेटे हमारा छत्तीसगढ़। खनिज से लेकर प्राकृतिक सौंदर्य और विविधता इसकी पहचान बन गई है। बावजूद इसके आज भी छत्तीसगढ़ में ऐसे कई अबूझ, रोमांचक और विस्मयकारी स्थान हैं जिसे खोजा और विकसित किया जाना बाकी है। बस्तर वनांचल को विशेषतौर पर प्रकृति ने अनेक सुंदर उपहार दिए हैं। आज हम बात करेंगे हाल ही में ज्ञात ऐसे प्रपात की जिसके पास पहुँचना और उसे निहारना एक बड़ा रोमांच है। जी हाँ, हम बात कर रहे हैं नारायणपुर जिले के हांदावाड़ा जलप्रपात की।

प्रदेश के बड़े और विशाल जलप्रपातों में शुमार हांदावाड़ा तक पहुँचना अभी आसान नहीं है। विगत दिसंबर के अंतिम रविवार को तीन अन्य मित्रों के साथ हांदावाड़ा की रोमांचक यात्रा पर जाने का अवसर मिला। जगदलपुर से दो घंटे की यात्रा कर बारसूर पहुँचे। हांदावाड़ा जलप्रपात। आज भी यह मनोहारी स्थान सामान्य सैलानियों की पर्यटन सूची में नहीं होता है। यहां जाने के लिए दिसंबर और जनवरी माह सबसे उपयुक्त होता है। दिसम्बर से पहले मार्ग में पड़ने वाले नालों से वाहन पार करना मुश्किल होता है और जनवरी के बाद जलप्रपात में पानी कम होने से रौनक कम हो जाती है।

हांदावाड़ा जलप्रपात दंतेवाड़ा जिले के बारसूर से लगभग 50 किलोमीटर इंद्रावती की एक सहायक नदी में है। जगदलपुर से गीदम और बारसूर का 85 किलोमीटर का सफर सड़क मार्ग से करने के बाद यह 50 किलोमीटर घने जंगलों से होकर गुजरता है। बारसूर से नारायणपुर मार्ग में सातधारा पुल पार करते ही बाई ओर का कच्चा रास्ता लिये साल के वन में आगे बढ़ते ही अबूझमाड़ शुरू हो जाता है। कुछ दूर तक इन्द्रावती नदी के किनारे चलने के बाद हम घने जंगल की ओर मुड़ गये। यहाँ से यात्रा का रोमांच और बढ़ जाता है जब हमारे राजकीय वृक्ष साल के विशाल वृक्षों की छाँव मानों हमारे हिस्से के आसमान को भी ढँक लेते हैं। जंगल में साल के साथ ही दूसरे अनेक प्रकार के जंगली वृक्ष और पशु सहज देखे जा सकते हैं।

वन क्षेत्रों में पड़ने वाले छोटे-छोटे नाले इस बात की गवाही देते हैं कि बारिश के मौसम में पहाड़ों की ऊँचाई से बहकर आने वाली पानी की धाराएं बहते हुए कैसे नदियों में विलीन हो जाती है। वनग्राम मंग्नार, कोसल्नार, कोहकवाड़ा, तोयनार, टहकवाड़ा होते हुए यात्रा बढ़ती है। तीन घंटे की यात्रा के बाद भी अभी यात्रा का एक अहम हिस्सा बाकी ही था जो शहरी सैलानियों के लिए अधिक कठिन हो सकता है। ग्रामवासियों से चर्चा में पता लगा कि आखरी हिस्सा पैदल यात्रा का है। यहाँ से वाहनों से यात्रा संभव नहीं थी। घने जंगल में पगडंडियों पर चलना कौतुहल और रोमांच से भरा अनुभव है। कोलाहल से दूर जंगल की वीरान शांति में नदी की कल-कल आवाज हमारा मार्ग प्रशस्त कर रही थी। लगभग चार किलोमीटर पैदल चलने के बाद आप वो देख सकते हैं जिसे आप प्रदेश के सबसे सुंदर और ऊँचे जलप्रपातों में शामिल करेंगे।

हांदावाड़ा जल प्रपात अनुमान के मुताबिक 5 सौ फीट ऊँचा है। यह प्रपात पहाड़ी नदी पर निर्मित है। यह पहाड़ी नदी बीजापुर की ओर से इन्द्रावती में मिलने आती है, जिसमें चट्टानी खाई होने के कारण यह मनोहरी जल प्रपात बनता है। हांदावाड़ा जलप्रपात की ऊंचाई और भव्यता तीरथगढ़ जल प्रपात के समान है परन्तु हांदावाड़ा जलप्रपात का चारों ओर से घने जंगलों से घिरे होना इसे अधिक आकर्षक और रोमांचक बनाता है।

प्रकृति प्रेमी पर्यटक यहां के वनग्रामों में बसने वाले माड़िया, भतरा-भतरी, हलबा, हलबी और दोरला जनजाति के लोगों को करीब से महसूस कर सकते हैं। गांव में मिलने वाला सल्फी पेय भी लोगों के लिये विशेष आकर्षण होता है। यहां के लोग घरों में बकरी और मुर्गियां पालते हैं पर ये इतने साहसी होते हैं कि अगर बकरी को तेंदुआ ले जाता है तो वे तेंदुए का पीछा करने से नहीं डरते।

ढलती शाम हमें संकेत दे रही थी कि यहाँ से अब जल्द रवाना हुआ जाए। वाहन तक पैदल पहुँचने के बाद अपनी गाड़ी को बड़े नाले से पार कराना था, अँधेरा गहराता जा रहा था पर रोमांच से भरे हम यात्रियों में हांदावाड़ा के सुंदर और अद्भुत नजारे ने वापसी के लिए नई ऊर्जा भर दी थी। हमारी गाड़ी तेजी से जंगल के रास्ते में तीन घंटे तक दौड़ती रही और हम रात्रि आठ बजे के करीब बारसूर पहुँचे। हांदावाड़ा जलप्रपात को निहारना और उसके आसपास के नजारे को अपनी आँखों में कैद करना बहुत ही शानदार अनुभव है। बस्तर के वनक्षेत्र में प्रकृति की सौगात है हांदावाड़ा जलप्रपात। तो अपने अंदर के साहसी पर्यटक को जगाएं और कर ही आएं हांदावाड़ा की खोजी यात्रा।

**संतोष कुमार साहू,** प्रबंधक (मा.सं.) छ.ग.स्टे.पा.डि.कं. रायपुर

## संकल्प हेतु सुझाव आमंत्रित

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृहपत्रिका को और भी बेहतर व उपयोगी बनाने का प्रयास किया जा रहा है, इसके लिये आप अपने अमूल्य सुझाव भेज सकते हैं। संकल्प की प्रति हर दूसरे महीने के 8 तारीख तक पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु आग्रह है कि विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों के समाचार आयोजन होने के तुरंत बाद अच्छी तस्वीरों के साथ मेल कर दें। विभागीय आयोजन व गतिविधियों की जानकारी विभाग प्रमुखों के अनुमोदन पश्चात् भेजे जा सकते हैं। अधिकारी-कर्मचारी अपने लेख,कविता व कहानियां भी प्रेषित कर सकते हैं। इसके लिये हमारे क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रकाशन अधिकारियों के मेल पर सामग्री स्पष्ट फोटो के साथ मेल कर सकते हैं।

मुख्यालय, बस्तर व सरगुजा रीजन के लिये (संपादक) - procsphcl@gmail.com

**रायपुर रीजन** - विकास शर्मा procsphcl@gmail.com

**मड़वा(कोरबा)**- बसंत शाहजीत shahjitbasant97@gmail.com

**दुर्ग रीजन**- माया चंद्राकर chandraker.30@gmail.com

**बिलासपुर रीजन**- मुकेश माथुर mukeshmathur894@gmail.com

**राजनांदगांव रीजन**- डीएस मंडावी dharmendra.mdv@gmail.com

# हर किसी की जिंदगी को रोशन कर रही है बिजली



मानव जीवन के विकास क्रम की शुरुआत उस दिन से मानी जाती है, जब उसने आग पर विजय प्राप्त की। इसके बाद से उसके जीवन में बदलाव आने शुरू हुए। मानव विकास क्रम में और बड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन बिजली के आने से हुई। आज से ढाई सौ साल पहले वैज्ञानिकों ने अनेक प्रयासों के बाद प्रकृति में मौजूद ऊर्जा के रूप को पहचाना और इसे नियंत्रित तरीके से उत्पादित करने में सफलता प्राप्त की।

बिजली के आने से मानव जीवन के विकास को मानों पंख लग गए। धीरे-धीरे हमारी जिंदगी के हर क्षेत्र में बिजली सहूलियतें बढ़ाती गई। आज गांव के कुटीर उद्योग हों या फिर खेती के सिंचाई पंप। मानव कल्पना के अंतरिक्ष तक उड़ान भरने की बात हो या उद्योगों की फौलादी धमनियों की। सभी को प्राणवायु बिजली के जरिये ही मिल रही है। पलभर भी बिजली बंद हो जाए तो जमीन से आसमान तक सारे मानवीय प्रयास थम से जाते हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी बिजली के विशाल तंत्र के जरिये हर किसी के जीवन को रोशन कर रही है। शरीर के हृदय की तरह हमारे विद्युत संयंत्र अनवरत् बिजली उत्पादन कर रहे हैं। पारेषण-वितरण प्रणाली रक्तवाहिनी की तरह 59 लाख उपभोक्ताओं तक सुगम बिजली पहुंचा रही है।

जिन वैज्ञानिकों ने इस अनुपम शक्ति को खोजा, जिन इंजीनियरों ने, नीति-निर्माताओं ने बिजली को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया और जिन कर्मियों ने इसे सुचारू रूप से संचालित कर रखा है, इस दिवाली पर उनके प्रति कृतज्ञता का भाव रखें।

किसी के जीवन में नई रोशनी, नई उम्मीद, नई प्रगति लाने में सहायक बनना ही सच्चे अर्थों में सर्वोच्च मानवीय गुण है। इस संतुष्टि के भाव के साथ कि सबका जीवन रोशन होता रहे और जगमगाती दीपावली खुशियां बिखेरती रहे, सभी को शुभकामनाएं....मंगलकामनाएं....

**गोविन्द पटेल**

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी, डंगनिया, रायपुर

फोन : 0771-2574702 | website : www.cspc.co.in

प्रिंट स्केनर मिश्राबाड़ा, तात्यापारा, रायपुर 88899 14459

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक